www.sgbauonline.com

**AU–2307**

**M.A. Part—I (Hindi) (Semester—II) Examination**

**HINDI**

**Paper—I**

**(Prachin Ewam Madhyakalin Kavya)**

समय : तीन घंटे] [पूर्णांक : 80

**सूचना :— सभी** प्रश्नों को निर्देशानुसार हल कीजिये।

1. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं **दो** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिये :— 16

(अ) निर्गुन कौन देस को बासी ?

मधुकर ! हँसि समुझाय, सौंह दै बूझति साँच, न हाँसी।।

को है जनक, जननि को कहियत, कौन नारि, को दासी ?

कैसो बरन, भेस है कैसो केहि रस कै अभिलासी।।

पावैगो पुनि कियो आपनो जो रे ! कहैगो गाँसी।

सुनत मौन ह्वै रह्यो ठग्यो सो सूर सबै मति नासी।।

(आ) प्रबिसि नगर कीजे सब काजा।

हृदयँ राखि कोसलपुर राजा।।

गरल सुधा रिपु करहिं मिताई।

गोपद सिंधु अनल सितलाई।।

गरुड़ सुमेरु रेनु सम ताही।

राम कृपा करि चितवा जाही।।

(इ) चितवनि रूखे दृगनु की, हाँसी-बिनु मुसकानि।

मानु जनायौ मानिनी, जानि लियौ पिय, जानि।।

सब ही त्यौं समुहाति छिनु, चलति सबनु दै पीठि।

वाही त्यौं ठहराति यह, कविलनवी लौं दीठि।।



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

(ई) आली री मेरे नयनन बान पड़ी।
चित्त चढ़ी मेरे माधुरी मूरत, उर बिच आन पड़ी।।
कब की ठाड़ी पंथ निहारूँ, अपने भवन खड़ी।
कैसे प्राण पिया बिन राखूँ, जीवन मूल जड़ी।।
मीराँ गिरधर हाथ बिकानी, लोग कहै बिगड़ी।।

2. निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए :— 32

(ए) सूरदास के भ्रमरगीत में चित्रित वाग्वैदग्ध्य को सोदाहरण समझाइए।

(ऐ) काव्य सौंदर्य तथा भक्ति भावना के आधार पर 'सुंदरकांड' की व्याख्या कीजिए।

(ओ) 'बिहारी ने अपने काव्य में भावों-अनुभवों का सजीव चित्रण किया है' सोदाहरण व्याख्या कीजिए।

(औ) मीराबाई की पदावली के आधार पर अपने आराध्य के प्रति उनके प्रेम व समर्पण पर प्रकाश डालिए।

3. निम्नलिखित लघूत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लिखिये :— 16

(1) संत नामदेव ने गुरु को जीव और ब्रह्म के बीच की कड़ी क्यों कहा है ?

(2) भूषण रचित 'शिव बावनी' का परिचय दीजिये।

(3) देव के कृतित्व का संक्षिप्त परिचय दीजिये।

(4) गुरु गोविंदसिंह के काव्य ने समाज में आत्मविश्वास जगाने का कार्य किस प्रकार किया ?

(5) सेनापति की भाषागत विशेषताएं लिखिए।

(6) दादूदयाल की काव्य साधना पर प्रकाश डालिए।

4. वस्तुनिष्ट/अतिलघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशानुसार लिखिए :- 16

(1) हिंदी में भ्रमरगीत परंपरा के प्रवर्तक कौन हैं ?

(क) कुंभनदास (ख) सूरदास

(ग) परमानंददास (घ) रसखान

(2) तुलसीदास की भक्ति किस भाव की है ?

(क) दास्य (ख) निर्वेद

(ग) सख्य (घ) माधुर्य



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

(3) मीराबाई सखी संप्रदाय के अंतर्गत आती हैं।

(क) कथन सत्य　　(ख) कथन असत्य

(4) कवि बिहारी रीतिमुक्त कवि थे।

(क) कथन सत्य　　(ख) कथन असत्य

(5) 'विचित्र नाटक' किसकी रचना है ?

(क) रहीम　　(ख) भूषण

(ग) देव　　(घ) गुरु गोविंद सिंह

(6) किस कवि ने मराठी भाषा में अभंग और हिंदी में पद लिखे हैं ?

(क) सूरदास　　(ख) बिहारी

(ग) नामदेव　　(घ) विद्यापति

(7) कवि भूषण ने केवल शृंगारिक रचनाएं कीं।

(क) कथन सत्य　　(ख) कथन असत्य

(8) प्रेमचंद्रिका किस कवि की रचना है ?

(क) मतिराम　　(ख) केशवदास

(ग) मीराबाई　　(घ) देव

(9) 'भ्रमरगीत' में गोपियाँ किसके साथ तर्क-वितर्क करती हैं ?

(क) कृष्ण　　(ख) उद्धव

(ग) बलराम　　(घ) अक्रूर

(10) तुलसीदास ने 'रामचरितमानस' की रचना किस पद्धति पर की ?

(क) दोहा-चौपाई पद्धति　　(ख) छप्पय पद्धति

(ग) गत पद्धति　　(घ) कवित्त-सवैया पद्धति

(11) 'मेरी भव-बाधा हरौ, राधा नागरि सोइ' किसकी पंक्ति है ?

(क) रसखान　　(ख) नंददास

(ग) मीराबाई　　(घ) बिहारी

(12) देव रीतिकाल के सरस्वती सिद्ध कवि माने जाते हैं ?

(क) कथन सत्य　　(ख) कथन असत्य



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

(13) निम्नलिखित में से विद्यापति से प्रभावित कवि कौनसे हैं ?

(क) सूरदास (ख) कुंभनदास

(ग) नंददास (घ) छीतस्वामी

(14) आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने तुलसीदास की कितनी रचनाओं का उल्लेख किया है ?

(क) बारह (ख) बाइस

(ग) अठारह (घ) चौबीस

(15) मीराबाई का निधन कहाँ हुआ था ?

(क) मथुरा (ख) वृंदावन

(ग) द्वारका (घ) मेरठ

(16) गुरु गोविंदसिंह सिक्खों के आठवें गुरु हैं ?

(क) कथन सत्य (ख) कथन असत्य



www.sgbauonline.com